nt>

Title: Need to revive closed industries situated at Greater Noida in Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा कि ग्रेटर नोएडा में डेवू मोटर्स की कम्पनी बन्द हुई है, जिससे प्रत्यक्ष रूप से दस हजार और अप्रत्यक्ष रूप से 50 हजार रोजगार संभापित होने की संभावना है, जिससे बेरोजगारी की समस्या बढ़ी है और रोजगार के साधन बन्द हुए हैं।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहूंगा कि देवू मोटर्स की बंद फैक्टरी को तत्काल चलाया जाये ताकि रोजगार का सृजन होकर बेरोजगारी की समस्या दूर हो सके। इसके साथ-साथ प्रदेश और देश का भी विकास हो सके।